उत्तर प्रदेश सरकार

# उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

## सूचना/विज्ञप्ति

## उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025

---

**प्रदेश में लगातार वर्षा/परीक्षा स्थल पर जल भराव के दृष्टिगत दिनांक 14–09–2026 से प्रस्तावित शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) अग्रिम आदेशों तक स्थगित (Postpone) किये जाने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सूचना**

संख्याः–पीआरपीबी–बी(होमगार्ड संवर्ग)–02/2025 दिनांक– सितम्बर 10 ,2026

उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025 के अन्तर्गत दिनांक 14–09–2026 से प्रस्तावित शारीरिक दक्षता परीक्षा, प्रदेश में लगातार हो रही वर्षा/परीक्षा स्थल पर जल भराव के दृष्टिगत अभ्यर्थियों की सुविधा, सुरक्षा तथा परीक्षा प्रक्रिया के सुचारू संचालन के दृष्टिगत अग्रिम आदेशों तक स्थगित (Postpone) कर दी गयी है।

2– अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा की नवीन तिथियों से यथाशीघ्र बोर्ड की वेबसाइट पर विज्ञप्ति/सूचना के माध्यम से अवगत कराया जायेगा। नवीन तिथियों के प्रवेश–पत्र अभ्यर्थियों को डाउनलोड करने हेतु तत्समय बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किये जायेगें।

3– अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचनाएं/निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त की जायेंगी।

(सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज)
अपर सचिव (भर्ती)/परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।